हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–229 : जौनपुर, शवार 18 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## युवा जिसके साथ हैं उसका बेड़ा पार : नौजवानों की टीस और सरकार की आस पर एक नजर

लखनऊ ब्यूरो : प्रयागराज की गलियों में कभी शाम को गुजरिए। चाहे कर्नलगंज हो, बघाड़ा हो, सलोरी हो या फिर कोई और इलाका। हर तरफ मेला नजर आता है। जिंदगी संवारने की चाहत में चेहरों पर अनगिनत सवाल लिए युवाओं का मेला। दिनभर बंद कमरों में किताबों में खोए रहने वाले चेहरों का मेला। बाबूजी और अम्मा के सपनों में रंग भरने की चाहत लेकर शहर आए युवाओं का मेला। प्रयागराज ही क्यों? वाराणसी के लंका चले जाइए, कानपुर में काकादेव चले जाइए...हर जगह ऐसे चेहरे मिल जाएंगे। कहीं लाइनों में धक्के खाते, तो कहीं ट्रेनों में ठुंसे हुए तो कहीं ट्रेनों और बसों की छतों पर जगह तलाशते...। आयोगों की चौखट पर सपनों की तलाश में भटकते हुए। रोटियां गोल बने या न बने, कोई फर्क नहीं पड़ता। जल गईं या कच्ची रह गईं, इस पर भी कोई शिकवा–शिकायत नहीं। आज चोखा–रोटी मिलेगा या फिर...? फिक्र सिर्फ इतनी कि अबकी बार रंग चोखा होगा या नहीं। नहीं हुआ तो क्या...? बाबूजी को क्या जवाब देंगे? अम्मा को क्या बताएंगे? खुद को कैसे साबित करेंगे? योगी सरकार का दावा है कि उसने साढ़े चार साल में 4.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। इसमें प्राइमरी शिक्षक व प्रोफेसर से लेकर सिपाही, डॉक्टर, बाबू और डिप्टी कलेक्टर तक शामिल हैं। दावा यह भी है कि यह सपा और बसपा राज में दी गईं सरकारी नौकरियों से भी ज्यादा है। इस आंकड़े में 59 हजार पंचायत सहायक, 59 हजार सामुदायिक शौचालयों में नियुक्त महिलाकर्मी, 59 हजार बैंकिंग सखी और 15,427 विद्युत सखी शामिल नहीं हैं, जिन्हें घर के पास आय और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। तीन करोड़ वे रोजगार भी इससे अलग हैं, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि ये अवसर चार लाख करोड़ रुपये के निवेश से पैदा हुए हुए हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़े भी इस बात की तस्दीक करते हैं कि यूपी की बेरोजगारी दर (नवंबर 2021) में राष्ट्रीय औसत 7 फीसदी से 2.2 फीसदी कम यानी 4.8 प्रतिशत पर सीमित रही है, जो कई अन्य राज्यों से भी कम हैं। युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए 7 नए राज्य विश्वविद्यालय बनाने की पहल भी इन्हीं साढ़े चार साल में हुई है। पर, इन आंकड़ों से इतर कई कड़वी सच्चाइयां भी हैं, जो युवाओं का सुख–चौन छीने हुए हैं। आश्चर्य नहीं कि इसका असर चुनाव में दिखाई दे। मसलन टीईटी समेत कई भर्ती परीक्षाओं के पर्चे लीक होने की घटनाएं पारदर्शी भर्ती व्यवस्था के दावों पर सवाल उठाती हैं। कोविड महामारी में बड़ी संख्या में लोगों की नौकरियां चली गईं जो स्थिति सामान्य होने के बाद भी नहीं मिल पाईं। जिन्हें मिली भी, वह उस स्तर की नहीं है, जिससे उन्हें बेदखल होना पड़ा। वे रोजी–रोटी के लिए भटकने को मजबूर हो गए। बच्चों की अच्छे स्कूलों की पढ़ाई छूट गई। कोरोना काल में नौकरी गई बच्चों की पढ़ाई भी छूटी। नोएडा के बृजेश मिश्रा बताते हैं कि वे एक ब्रांडेड कपड़े की फैक्टरी में 22 हजार रुपये की नौकरी करते थे। कोविड की आंधी में मालिक ने शटर गिरा दिया तो सड़क पर आ गए। प्रतिबंध हटा, दुकान चालू भी हुई, लेकिन मालिक ने नौकरी नहीं दी। लैपटॉप या एंड्रॉयड फोन न होने से ऑनलाइन क्लास नहीं करा पाया और दोनों बच्चों की पढ़ाई छूट गई। किसी तरह एक बैटरी रिक्शा कर्ज पर लिया। दूसरी लहर में वह भी खड़ा हो गया। किस्त समय से अदा नहीं हो पाई और ब्याज भी बढ़ गया। इस तरह की मुसीबत न जाने कितने अब भी भुगत रहे हैं। योगी सरकार में युवाओं को नौकरी 4.5 लाख को सरकारी नौकरी 1,43,000 भर्तियां पुलिस विभाग में 1,24,340 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति 6 हजार माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति 59 हजार पंचायत सहायक 3.5 लाख को संविदा नियुक्ति 2 करोड़ से ज्यादा युवाओं को एमएसएमई के जरिये रोजगार, 5 लाख को स्टार्टअप के जरिये महिलाओं को 1 लाख से अधिक को सरकारी नौकरी, 59 हजार सामुदायिक शौचालयों में नियुक्त महिलाकर्मी 59 हजार बैंकिंग सखी 15,427 विद्युत सखी युवाओं को आशंका सरकारी नौकरियां घटाने की साजिश तो नहीं युवाओं को सबसे बड़ी आशंका सरकारी नौकरियों को चरणबद्ध तरीके से सीमित किए जाने की सता रही है। आउटसोर्सिंग से जिस तरह भर्तियां तेजी से बढ़ रही हैं, युवाओं की चिंता भी बढ़ रही है। संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चितानंद मिश्र कहते हैं कि आउटसोर्सिंग में भर्ती से लेकर, नवीनीकरण तक कर्मियों का शोषण होता है। समय से मानदेय नहीं मिलता है और कई–कई महीने बाद आधा–अधूरा भुगतान किया जाता है। हजारों कर्मी नवीनीकरण के समय निकाले जा चुके हैं। जब भी कोई समस्या लेकर सरकार के पास जाता है, वह एक नया शासनादेश जारी कर देती है। अब तक चार–चार शासनादेश हो गए, लेकिन शोषण से कोई राहत नहीं मिली। मिश्र कहते हैं, वास्तव में आउटसोर्सिंग एक धंधा है, जिसे सपा सरकार ने शुरू किया। मौजूदा सरकार में खूब फला–फूला और इसका कारोबार 800 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें आउटसोर्सिंग एजेंसी से लेकर सरकारी सिस्टम तक पूरी तरह मिले हुए हैं। समान पद के लिए अलग–अलग मानदेय है। सेवा प्रदाता की व्यवस्था समाप्त कर विभाग द्वारा रखने की व्यवस्था होनी चाहिए। सेवा प्रदाता कर्मचारियों के वेतन से 18 प्रतिशत जीएसटी व 5 प्रतिशत सर्विस चार्ज काटता है। विभाग से भर्ती पर यह पैसा कर्मचारी पा सकेंगे। सरकार विरोधी मानसिकता से काम कर रहे कई अफसर। आउटसोर्सिंग के जरिए सरकार को सेवा दे रहे विजय शंकर द्विवेदी कहते हैं कि कुछ अफसर सरकार विरोधी मानसिकता से काम कर रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि नियमित नौकरी को भी पांच वर्ष तक संविदा पर रखने की कोशिश की गई। इससे भी मन नहीं भरा तो चयन के बाद की यह संविदा अवधि सेवा में न जोड़ने का प्रस्ताव शामिल कर लिया। यही नहीं, चयनित लोगों की एक सीमा तक छंटनी का प्रावधान भी शामिल कर लिया। शुक्र यह रहा कि इस प्रस्ताव का समय से खुलासा हो गया और युवाओं के जबरदस्त विरोध से अफसरों को पैर पीछे खींचने पर मजबूर होना पड़ा। यह कोशिश फिर कब शुरू हो जाए, क्या पता? इस सिस्टम से युवाओं का भरोसा उठ चुका है। दावों के विपरीत है हकीकत। पेपर लीक और परीक्षाओं में गलत सवालों से हुई किरकिरी। रिकॉर्ड सरकारी नौकरियों के दावों के इतर एक परेशान करने वाली तस्वीर यह भी है कि भर्ती बोर्डों व चयन आयोगों की मनमानी पर पूरी तरह अंकुश यह सरकार भी नहीं लगा पाई। प्रतियोगी अभ्यर्थी ब्रजभूषण पांडेय कहते हैं कि परीक्षाओं में बड़ी संख्या में गलत सवाल, एक ही सवाल के हिंदी व अंग्रेजी में भिन्न–भिन्न अर्थ वाले विकल्पों ने अभ्यर्थियों को कोर्ट–कचहरी के चक्कर लगाने को मजबूर कर दिया। बार–बार पेपर लीक होते रहे। 20 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों वाली टीईटी से उम्मीदें परवान चढ़ी थीं, लेकिन पेपर लीक ने उस पर भी पानी फेर दिया। एक अन्य प्रतियोगी छात्र अभिषेक सिंह कहते हैं कि लोकसेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक की गिरफ्तारी से लेकर टीईटी में परीक्षा नियामक प्राधिकारी तक सरकार केवल दिखाने की ही कार्रवाई करती नजर आई और अभ्यर्थी ठगा महसूस करते रहे। सीबीआई की जांच भी ढाक के तीन पात यूपी लोकसेवा आयोग की बेतुकी कार्यप्रणाली से युवा परेशान रहे। सरकार ने वादे के बावजूद सपा राज की भर्तियों में हुए फर्जीवाड़े के दोषियों पर कार्रवाई में रुचि नहीं दिखाई। सीबीआई जांच भी ढाक के तीन पात ही नजर आ रही है। वहीं, माध्यमिक व उच्चतर शिक्षा सेवा चयन बोर्ड/आयोग केवल पिछली सरकार की शुरू की भर्तियां निपटाने तक सीमित रहीं। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तो पिछले दो वर्ष में एक प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को छोड़ कोई नई भर्ती परीक्षा नहीं करा पाया है। सारे दावे बेमतलब साबित हुए हैं। सरकार बनाने में युवाओं की भूमिका अहम 26.56 फीसदी वोटर 18 से 29 आयु वर्ग के थे 2019 के लोकसभा चुनाव में। पंचायत चुनाव के समय 46.19: वोटर 18 से 35 आयु वर्ग के थे राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार। इनमें 78.37 लाख तो 18 से 21 वर्ष वाले थे। ये आंकड़ा गांवों का है। और बढ़ेगी संख्या। 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए पुनरीक्षित वोटर लिस्ट तैयार हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में नए युवा वोटर जुड़ रहे हैं। गरीबों के लिए तो मनरेगा ही सहारा वित्त वर्ष 2019–20 में मनरेगा ने प्रदेश के 64.54 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया था। इनमें से 1.33 लाख परिवारों ने 100 दिन का रोजगार प्राप्त किया था। वित्त वर्ष 2020–21 में जब कोविड महामारी आई तो रिकॉर्ड एक करोड़ 16 लाख 55 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया। इनमें 7,78,792 परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्राप्त हुआ। 2021–22 में 13 दिसंबर तक 82.85 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। इनमें 1,60,421 परिवार 100 दिन का रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। खास बात ये है कि लगभग 97 फीसदी लोगों को 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान हो रहा है।

## पीड़िता के परिवार को राहत के मुद्दों पर हाईकोर्ट में सुनवाई छह जनवरी को : सरकारी वकील को मिला सरकार से निर्देश लेने का वक्त

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हाथरस मामले में पीड़िता के परिवार को राहत के मुद्दों पर अगली सुनवाई 6 जनवरी को नियत की है। मामले में शुक्रवार को पूरक जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील के आग्रह पर मुद्दों संबंधी निर्देश (जानकारी) सरकार से लेने को केस को 6 जनवरी को सूचीबद्ध करने को कहा है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने शुक्रवार को यह आदेश हाथरस मामले में स्वतः संज्ञान द्वारा 'गरिमापूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार के अधिकार' शीर्षक से कायम जनहित याचिका पर दिया। सुनवाई के समय पक्षकारों के अधिवक्ता पेश हुए। इससे पहले राज्य सरकार की तरफ से राहत योजना संबंधी अधिसूचनाओं व शासनादेशों को पेश किया गया था। कोर्ट ने इन्हें रिकार्ड पर लेकर पीड़िता के परिवार की अधिवक्ता को राहत मामले में हलफनामा दाखिल करने का समय दिया था। पहले सुनवाई के दौरान पीड़िता के परिवार की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने कोर्ट को बताया था कि परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा मिल चुका है। वहीं मामले में न्यायमित्र अधिवक्ता ने अदालत को बताया था कि संबंधित अधिनियम व इसके तहत बने विनियम के तहत मृतक के आश्रित को पांच हजार रुपये पेंशन, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, कृषि भूमि, मकान व स्नातक तक की पढ़ाई का खर्च इत्यादि दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि मकान, नौकरी अथवा पेंशन का लाभ परिवार को नहीं दिया गया है। कोर्ट ने पीड़िता के परिवार को राहत के मुद्दों पर सुनवाई करने को कहा था।

## जनपद स्तरीय पाक–कला प्रतियोगिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेमानी है। उक्त बाते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता 2021 के अवसर पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर के प्रांगण में उद्घाटन के दौरान कही। भोजन का स्वास्थ्य से सीधा सम्बन्ध हैं। हम सभी स्वच्छ भोजन के द्वारा ही अपने शरीर एवं मस्तिष्क को स्वस्थ्य रख सकते है, ऐसी स्थिति में विद्यालय स्तर पर समस्त रसोइयो का महत्व बहुत ही बढ़ जाता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने विस्तार से मध्यान्ह भोजन योजना एवं रसोइयों के कार्य एवं दायित्व पर प्रकाश डाला एवं सभी को स्वच्छ तरीके से विद्यालयों में भोजन पकाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मण्डलीय समन्वयक (एम0डी0एम0) श्रीमती कनिका ने पाक–कला प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया और यह भी कहा कि वाराणसी मण्डल में जनपद जौनपुर ने सबसे पहले रसोइयां पाक–कला प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया हैं। इसके लिए जिला समन्वयक एम0डी0एम0 अरूण कुमार मौर्य की भूरि–भूरि प्रसंशा की जाती है। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के कुल 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक मण्डल में जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ0 गोरखनाथ पटेल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जौनपुर अनिल कुमार राय, प्रधानाचार्य जी0जी0आई0सी0 जौनपुर मंजू लता कुमारी वर्मा, प्रवक्ता गृह विज्ञान डायट, किरन त्रिपाठी, डॉ0 पूजा यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी शाहगंज एवं चीफ कुक मिर्च मसाला रेस्टोरेंट जौनपुर विशाल पटेल तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 05 छात्र एवं 05 छात्रा शामिल रहें। उक्त प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बनबहा विकास खण्ड महराजगंज श्रीमती राधिका देवी ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय जमीनबस्ती, विकासखण्ड–खुटहन श्रीमती रेनू शर्मा एवं प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर विकास खण्ड सिरकोनी श्रीमती समदेई ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम विजेता को रू. 3500, द्वितीय विजेता को रू. 2500 एवं तृतीय विजेता को रू. 1500 पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र वितरित किया गया। अन्य 27 रसोइयों को रू. 250.00 का सान्त्वना पुरस्कार एवं सभी रसोइयों को रू. 250.00 मार्ग व्यय कुल रू. 500 प्रति रसोइयां को दिया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त जिला समन्वयक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0/ए0आर0पी0 एवं कार्यालय के सहायक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शैलेश कुमार चतुर्वेदी ए0आर0पी0 विकासखण्ड सिकरारा व श्रीमती नुपुर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। सभी अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगो का आभार ज्ञापन जिला समन्वयक एम0डी0एम0 अरूण कुमार मौर्य ने किया तथा कार्यक्रम मे सफल क्रियान्वयन हेतु पतिराज (कम्प्यूटर आपरेटर एम0डी0एम0) को धन्यवाद दिया।

## सवारियों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटी : 10 यात्री घायल

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव के पास सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर जौनपुर–केराकत मार्ग पर पलट गई। हादसे में चालक सहित 10 यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, एक प्राइवेट बस केराकत से सुबह सवारी लेकर जौनपुर के लिए रवाना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की गति काफी तेज थी। सुबह करीब 11 बजे बस गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव के पास पहुंची थी कि चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। इससे अनियंत्रित बस जौनपुर–केराकत मार्ग पर पलट गई। बस को पलटता देख सड़क पर अफरा–तफरी मच गई। लोग राहत बचाव के लिए दौड़े। किसी तरह सभी को बाहर निकाला गया। इस दौरान घटना के कारण 10 यात्री घायल हो गए। जिन्हें थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर संतोष पाठक ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए भेजा। इस समय जौनपुर– केराकत मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

## मेरठ में 21 स्थलों को जोड़ने वाले 4.1 किलोमीटर लंबे क्रांति पथ का किया गया शिलान्यास

मेरठ ब्यूरो : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरठ क्रांति पर्व मना रहा है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने शहीद स्मारक स्थित राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय में 1857 की गौरवगाथा को दर्शाती पांच गैलरी का शुभारंभ किया। क्रांतिकारियों से जुड़े 21 स्थलों को जोड़ने वाले 4.1 किलोमीटर लंबे क्रांति पथ का शिलान्यास किया। शहीद स्मारक में स्वाभिमान, स्वराज, संघर्ष, संग्राम और संकल्प गैलरी बनाकर यहां तस्वीरों में इतिहास को संजोया गया है। मेरठ में 1857 का सैनिक विद्रोह और इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में बिखरी क्रांतिगाथाओं को यहां तस्वीरों में सहेजा गया है। पांचली घाट, बागपत में किसानों द्वारा नावों के पुल का विध्वंस, मुजफ्फरनगर, शामली, अकलपुरा और सरधना की लड़ाई भी यहां दिखाई गई है। इस अवसर पर ऐतिहासिक विक्टोरिया पार्क में केरल के लोकनृत्य, पंजाब के गतका और कौरवी में गाई देशभक्ति की रागनियों ने क्रांति की स्मृतियां ताजा कर दीं। कार्यक्रम में इतिहासविद् केडी शर्मा की पुस्तक सिंहावलोकनः गदर से गणतंत्र तक व सरदार पटेल इन बारदोली मूवमेंट का विमोचन भी किया गया। वीर नारियों का सम्मान भी हुआ। राज्यसभा सदस्य विजयपाल सिंह तोमर, कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह जिलाधिकारी के. बालाजी आदि मौजूद रहे। लाल किला फतेह तक का दृश्य। संघर्ष गैलरी में लाल किले पर क्रांतिकारियों का



प्रवेश और दिल्ली पर अंतिम हमला दिखाया गया है। नाना साहब की हरी टोपी, कानपुर के क्रांतिकारियों की सूची भी यहां लगी है। संग्राम गैलरी में तात्या टोपे की सेना, फिरोजशाह के बुंदेलखंड पहुंचकर तात्या टोपे के साथ सम्मिलित होने की सूचना, बाबू कुंवर सिंह से जुड़ी घटनाओं हैं। संकल्प गैलरी में पश्चिम बंगाल के बैरकपुर विद्रोह, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के क्रांतिकारियों की गाथाएं सहेजी गई हैं। स्क्रीन पर देखें–सुनें 1400 पेज का इतिहास। गैलरी में इतिहास को डिजिटली देखने के लिए टैब की व्यवस्था की गई है। एक क्लिक करने पर आप 1400 पेज का इतिहास देख सकेंगे। इसे राजकीय अभिलेखागार ने तैयार किया है। वहीं, टैब पर क्लिक करने पर घटना को सुनाया भी जा रहा है।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## साहसी महिला कांस्टेबल की सूझबूझ से युवक की बची जान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आइजीआरएस सेल में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महिला फरियादियों को एसएसपी से मिलवाने का कार्य करने वाली महिला कांस्टेबल शिप्रा त्रिवेदी की सूझबूझ से एसएसपी से मिलने आए फरियादी की बची जान महिला कांस्टेबल ने फरियादी को तत्काल जिला चिकित्सालय में कराया भर्ती। आज शुक्रवार 10 बजे गीडा थाना क्षेत्र का एक मामला लेकर सिवान बिहार निवासी शिव शंकर एसएसपी ऑफिस पहुंचकर एसएसपी से मिलने का इंतजार कर रहा था तभी उक्त व्यक्ति ने महिला कांस्टेबल शिप्रा त्रिवेदी से कहा कि हम कुछ खा लिए हैं अब हम नही बचेंगे महिला कांस्टेबल ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस ऑफिस के सभी लोगों को सूचित करते हुए अपने एक्टिवा गाड़ी पर उक्त व्यक्ति को बैठाकर जिला चिकित्सालय में तत्काल भर्ती करा कर अपने दायित्व का निर्वहन किया अगर महिला कांस्टेबल उसके बातों को नजरअंदाज कर देती तो पुलिस ऑफिस पर कुछ भी हो सकता था लेकिन उक्त महिला कांस्टेबल शिप्रा त्रिवेदी ने जिस साहस का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सिवान बिहार निवासी बेहोशी की हालत में शिव शंकर को उठाकर तत्काल अपनी गाड़ी पर टेलीफोन ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल की मदद से बैठाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर नैतिकता का जो परिचय दिया है वह सराहनीय व काबिले तारीफ है जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय पहुंचे उन्हें उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त हुआ तो वह तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचकर उक्त व्यक्ति शिव शंकर से मुलाकात कर डॉक्टरों से जानकारियां प्राप्त की डॉक्टरों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा से बताया कि उक्त व्यक्ति शिव शंकर नीद की लगभग 3 गोलियां खाया है जो खतरे से बाहर है 1 से 2 घंटे में ठीक हो जाएगा घबराने की कोई बात नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने कहा कि महिला कांस्टेबल ने जिस साहस और कर्तव्यनिष्ठ का जो परिचय दिया है वह सराहनीय है अन्य कर्मचारियों को सीख लेनी चाहिए ऐसे कर्तव्य निष्ठा साहसी महिला कांस्टेबल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अब गणतंत्र दिवस परेड पर वीर साहसी महिला कांस्टेबल को सम्मानित किया जाएगा।

## एयर फोर्स जलजमाव से निजात दिलाने के लिए डीएम ने की बैठक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : एयर फोर्स क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि वन विभाग एयर फोर्स तथा राजस्व अधिकारी बेहतर तरीके से लेआउट बनाएं जलजमाव की समस्या सदैव के लिए समाप्त हो जाए एयर फोर्स सहित आम जनमानस को जलजमाव की समस्या थी निजात मिल सके जिसके लिए एयर फोर्स के संबंधित अधिकारी व वन विभाग के डीएफओ और सीआरओ गहन मंत्रणा करते हुए लेआउट को एक रणनीति के तहत एयर फोर्स की इंजीनियर नगर निगम व जल निगम के इंजीनियर लेआउट को तैयार कर जिला अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे जिससे जलजमाव की समस्या से सदैव के लिए निस्तारित किया जा सके सीआरओ सुशील कुमार गौड डीएफओ विकास कुमार यादव अपर एसडीएम सदर रजत वर्मा सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला एयर फोर्स अफसर वेंकटेश प्रभु नगर निगम जल निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाला अभियुक्त 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व स0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी बांसगांव व प्रभारी निरीक्षक विवेक मलिक के निकट पर्यवेक्षण में आमजनमानस की मदद से प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले अभियुक्त नितेश साहनी पुत्र श्री कुसहर साहनी निवासी ग्राम ज्ञानपार थाना झगहाँ जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 413/2021 धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश,2020 थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर पंजीकृत किया गया । अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है । विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता अभियुक्त– नितेश साहनी पुत्र श्री कुसहर साहनी निवासी ग्राम ज्ञानपार थाना झगहाँ जनपद गोरखपुर थाने पर पंजीकृत अभियोग का विवरण –मु0अ0स0– 413/2021 धारा– 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश,2020 गिरफ्तारी का समय व स्थान– दिनांक–17/12/2021 समय–14.00 बजे गिरफ्तारी का स्थान– ग्राम धनईपुर गिरफ्तारी में शामिल टीम– 1. उ0नि0 छोटेलाल 2. उ0नि0 राजेश कुमार यादव।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**सब्र कोई कमजोरी नही होती है, ये वो ताकत है जो सब में नहीं होती–**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# वर्चुअल शिखर सम्मेलन : अमेरिका से दूर होता पाकिस्तान

अमेरिकी राष्ट्रपति ने विश्व के अधिकांश नेताओं से मुलाकात की है और उन्हें टेलीफोन किया है, लेकिन आज तक उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को एक टेलीफोन कॉल तक नहीं किया है। उनके सैन्य और नागरिक दोनों प्रशासन ने अफगानिस्तान में अमेरिकी नीति की नाकामी के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है और तालिबान की नई अंतरिम सरकार का समर्थन करने की वजह से उसे आड़े हाथ लिया है।

हाल ही में लोकतंत्र के लिए वर्चुअल शिखर सम्मेलन आयोजित करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले ने पाकिस्तान में प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश विभाग में भारी भ्रम पैदा किया। विश्व की राजधानियों में कोविड–19, जलवायु परिवर्तन और अफगानिस्तान में भुखमरी जैसे इतने सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो रही है, तब लोकतंत्र पर शिखर सम्मेलन क्यों? पाकिस्तान में, इस सम्मेलन की मेहमान देशों की सूची को लेकर भी तीखी आलोचनाएं हुई, जिसमें बांग्लादेश और भूटान सहित कई अन्य कामकाजी लोकतंत्रों को आमंत्रित नहीं किया गया। आखिर वह पैमाना क्या था, जिसके आधार पर अमेरिका ने तय किया कि कौन–सा देश लोकतंत्र है और कौन–सा देश नहीं है?

चीन और रूस को आमंत्रित नहीं किए जाने से साफ था कि यह एक नया राजनीतिक ब्लॉक बनाने का प्रयास है। ताईवान को निमंत्रण दिए जाने से स्पष्ट हो गया कि चीन को संदेश दिया गया है। विशेषज्ञ कह सकते हैं कि लोकतंत्र को लेकर यह शिखर सम्मेलन चीन को अलग–थलग करने के इरादे से आयोजित किया गया। जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के आखिरी दिनों में कभी न भूलने वाले दृश्यों में देखा था कि अमेरिकी लोकतंत्र की कैसी बदतर हालत हो गई थी, अमेरिकी लोकतंत्र के केंद्र कैपिटल हिल पर कैसे भीड़ ने हमला किया था, वह नहीं जानते कि आखिर बाइडन किस तरह के लोकतंत्र की कल्पना कर रहे हैं।

पूर्व राजनयिक डॉ. मलीहा लोधी के मुताबिक अमेरिका में लोकतांत्रिक क्षरण ने एक अलग रूप ग्रहण किया है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप वहां पतन भी हुआ है। हाल के वर्षों में ट्रंपवादी लोकलुभावनवाद ने नस्लवादी और श्वेत वर्चस्ववादी समूहों को मुख्यधारा में लाकर उन्हें सशक्त किया है, जिससे वहां नस्लीय भावनाएं भड़की हैं और इसने देश को गहरे तक विभाजित कर दिया है। वैसे यदि आप पूरी दुनिया की ओर नजर दौड़ाएं तो कहीं भी कोई विशुद्ध लोकतंत्र नहीं है, विश्व की प्रत्येक राजधानी की अपनी चुनौतियां हैं, क्योंकि लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ती असहिष्णु ताकतें चुनौती दे रही हैं।

वास्तव में कोई भी दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी लोकलुभावनवाद को और अधिक उभरते देख सकता है। प्रत्येक देश की अपनी कमजोरियां हैं और केवल वे ही उससे बाहर निकलने का रास्ता तलाश सकते हैं, बजाय किसी बाहरी शक्ति के दखल के। यह भी महत्वपूर्ण है कि जो बाइडन ने जहां पाकिस्तान को एक लोकतंत्र के रूप में मान्यता देकर इस सम्मेलन में शिरकत करने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान तक पहुंचने की कोशिश की, वहीं ओवल कार्यालय में जिम्मेदारी संभालने के करीब साल भर बाद तक उन्होंने इमरान की उपेक्षा की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने विश्व के अधिकांश नेताओं से मुलाकात की है और उन्हें टेलीफोन किया है, लेकिन आज तक उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को एक टेलीफोन कॉल तक नहीं किया है। उनके सैन्य और नागरिक दोनों प्रशासन ने अफगानिस्तान में अमेरिकी नीति की नाकामी के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है और तालिबान की नई अंतरिम सरकार का समर्थन करने की वजह से उसे आड़े हाथ लिया है। लोकतंत्र के शिखर सम्मेलन की रूपरेखा इस तरह की थी कि उसमें इमरान खान के लिए अन्य नेताओं मसलन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह, लाइव भाषण देने का अवसर नहीं था। इसके बजाय पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से कहा गया था कि वह अपना भाषण रिकॉर्ड करें, जिसे कार्यक्रम में जोड़ा जाएगा।

आखिरी दिन तक पाकिस्तान के विदेश विभाग ने चुप्पी साधे रखी कि क्या इस्लामाबाद लोकतंत्र से संबंधित इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहा है या नहीं। खबरों के मुताबिक पाकिस्तान ने इस बारे में चीन से मशविरा किया, क्योंकि वह इस सम्मेलन में शामिल होकर जिसमें ताईवान भी शामिल हो रहा था, इस क्षेत्र में अपने सबसे मजबूत सहयोगी को नाराज नहीं करना चाहता था। पाकिस्तान ने शिखर सम्मेलन के बाद अमेरिका से यह भी कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों के पुराने स्वरूप से अलग होना चाहता है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा, 'हम अमेरिका से अपने दीर्घकालीन रिश्ते का सम्मान करते हैं। भविष्य की ओर देखते हुए हम अमेरिका के साथ लेन–देन वाला रिश्ता नहीं चाहते। हम ऐसा बहुआयामी संबंध चाहते हैं, जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों की अनियमितताओं के प्रति अतिसंवेदनशील न हो। हम भू–राजनीति से लेकर भू–अर्थशास्त्र में बदलाव चाहते हैं, हम अमेरिका के साथ एक ऐसा संबंध चाहते हैं, जो हमारी बदली हुई प्राथमिकता के अनुरूप हो।'

अमूमन अमेरिका के मामले में पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व की राय पर भी गौर किया जाता है। लेकिन इन दिनों इमरान खान और सैन्य मुख्यालय के बीच तनाव चल रहा है, इसलिए यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि क्या सैन्य मुख्यालय से इस बारे में कोई मशविरा किया गया। विपक्षी दलों ने भी इसमें कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई, सिवाय पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो के। बिलावल ने मीडिया से कहा कि सम्मेलन में हिस्सा न लेकर पाकिस्तान ने बड़ी चूक की है।

पाकिस्तानी विदेश विभाग ने राजनयिक स्तर पर सम्मेलन में शामिल होने से इन्कार करने के बाद कहा, 'हम लोकतंत्र के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित करने के लिए अमेरिका के आभारी हैं। हम कई मुद्दों पर अमेरिका के संपर्क में रहते हैं और मानते हैं कि हम भविष्य में इस विषय पर उपयुक्त समय पर जुड़ सकते हैं।' पाकिस्तान के अस्वीकार करने पर अमेरिका की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन यह साफ है कि बाइडन इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि वह पाकिस्तान से क्या चाहते हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में उपलब्धि के बाद राजनीति की ओर बढ़ते डॉ शेखर के कदम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई और शाहजहाँपुर जिलों में चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में डॉ सोम शेखर दीक्षित का नाम एक बड़ी उपलब्धि के रूप में जाना जाता है।चिकित्सा और शिक्षा में एक बड़ा मुकाम हासिल करने के बाद डॉ शेखर ने सक्रिय राजनीति की ओर अपने कदम बढ़ाए है।उनका मानना है कि समाज की सेवा के लिये राजनीति एक बड़ा माध्यम है और वे स्वच्छ और पारदर्शी राजनीति के पक्षधर है। हरदोई और शाहजहाँपुर जिलों में खासी पकड़ रखने वाले डॉ सोम शेखर दीक्षित ने दोनों जिलों में अपने कार्यो से लोगो के हितों में बड़ा कार्य किया है।अब इन दिनों उनका फोकस शाहाबाद क्षेत्र की राजनीति पर है।शाहाबाद क्षेत्र के लोगो के लिये डॉ सोम शेखर दीक्षित जहाँ शेखर हॉस्पिटल के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में सदैव मददगार साबित हुए वही शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से काफी समय पहले ही अंग्रेजी माध्यम के दो स्कूलों की स्थापना करके उन्होंने क्षेत्र में नाम कमाया।ज्ञात हो कि कोरोना काल मे जहाँ बड़े बड़े डॉक्टर मरीजो के इलाज करने में परहेज करने लगे थे वही एक मात्र डॉक्टर शेखर ने शाहाबाद सहित तमाम क्षेत्रो के सैकड़ो मरीजो को बेहिचक अपने अस्पताल में भर्ती करके उनका इलाज करके उनका जीवन सुरक्षित किया।और उन्होंने इस विप्पति काल मे कोरोना पीड़ितों के लिये 10 लाख की सहायता राशि भी मुख्यमंत्री को भेजी थी।अब डॉ सोम शेखर का मानना है कि चिकित्सा और शिक्षा के बाद वे अब राजनीति को स्वच्छ और पारदर्शी बनाकर उसके माध्यम से समाजसेवा करना चाहते है जिसके लिये उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से विधानसभा की प्रत्याशिता की दावेदारी की है।उनका कहना



है कि अगर पार्टी मौका देगी तो वे शाहाबाद क्षेत्र के लिये कुछ अच्छा करने की कोशिश जरूर करेंगे।डॉ शेखर ने तीन माह में शाहाबाद विधानसभा के अधिकतर गांवो में स्वयं घर घर जाकर जनसम्पर्क भी किया है जो उनकी सक्रियता को दर्शाता है।वही जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों को एक योग्य डॉक्टर को अपने बीच पाकर उनसे स्वास्थ्य परामर्श का भी लाभ मिल रहा है।डॉ शेखर ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से प्रभावित है और पार्टी को अपनी सेवा देना चाहते है।ज्ञात हो कि शाहाबाद क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशिता को लेकर अभी तक लगभग एक दर्जन नामो की चर्चा चलती रही है लेकिन डॉ सोम शेखर की दावेदारी से उनका नाम ऊपर की पंक्ति में शामिल माना जा रहा है और कई बड़े भाजपा नेताओं से उनके अच्छे संबंध को भी उनकी मजबूत दावेदारी का प्रबल मूक समर्थन माना जा सकता है।उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नलिन गुप्ता,भूरे त्रिवेदी,कमल शुक्ला सहित तमाम राजनैतिक लोगों ने डॉ शेखर के प्रति अपना समर्थन जताया है।

# सांसद का प्रयास लाया रंग, चीनी मिल के विस्तारीकरण का मुख्यमंत्री ने किया एलान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी का प्रयास रंग लाया है।सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में सुल्तानपुर सहित आठ चीनी मिलों के विस्तारीकरण का ऐलान किया।आपको बता दें पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने 23 अक्टूबर 2021को हर्ष महिला महाविद्यालय कनेहटी, देहली बाजार में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिले के लाखों किसानों के हित में सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि व विस्तारीकरण करने के लिए जोरदार ढंग से मांग रखी थी।सांसद ने मुख्यमंत्री से चीनी मिल के विस्तारीकरण के साथ निषाद मंडी को विकसित करने, जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल बिजेथुआ महावीरन, धोपाप व सीताकुंड घाट को रामायण सर्किट से जोड़ने तथा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से कबरी होते हुए टेढ़ुई तक एक बाईपास मार्ग बनाने की भी मांग रखी थी।इसके अलावा सांसद श्रीमती गांधी ने मुख्यमंत्री से उनके आवास 5 कालिदास मार्ग, लखनऊ में मिलकर व पत्राचार के माध्यम से चीनी मिल की क्षमता वृद्धि व विस्तारीकरण कराने की लगातार मांग कर रही थी।श्रीमती गांधी ने उत्तर प्रदेश गन्ना विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी से दूरभाष द्वारा व पत्र भेजकर 2020 में चीनी मिल का 600 करोड़ रुपए का डीपीआर तैयार कराया था। जिसमें डिस्टिलरी व पावर प्लांट लगाने का बजट शामिल था। श्रीमती गांधी ने उस दौरान चीनी मिल का विधिवत निरीक्षण भी किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अनुपूरक बजट रखने के दौरान एलान किया कि सुलतानपुर सहित आठ चीनी मिलों को स्थापित/विस्तारीकरण करने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश सरकार करेगी।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया यूपी सरकार लगातार गन्ना किसानों की बेहतरी के लिए कदम उठा रही है।15 दिसम्बर को कैबिनेट ने खांडसारी नीति




में बदलाव करते हुए अब पांच साल के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू की है।वहीं गन्ना किसानों को भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर पिछले दिनों सख्त कार्रवाई की है।इसी क्रम में सरकार ने किसानों को राहत देते हुए पंजीकरण व पर्ची देने के नियमों को भी पारदर्शी बनाया है। मुख्यमंत्री द्वारा सांसद मेनका संजय गांधी व अन्य जनप्रतिनिधियों की मांग पर चीनी मिल की क्षमता वृद्धि के साथ विस्तारीकरण योजना में शामिल करने के लिए काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू,पूर्व मंत्री विनोद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, ऋषिकेश ओझा, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह,प्रवीन कुमार अग्रवाल,जिला महामंत्री संदीप सिंह, कृपाशंकर मिश्रा, शशिकांत पांडे, श्याम बहादुर पांडे, राजेश सिंह, प्रदीप शुक्ला, संजय सिंह सोमवंशी,शशीभद्र सिंह, राजेश पांडे,मोहित सिंह, महिला मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री बबिता तिवारी व क्षेत्रीय मंत्री कंचन कोरी, दिनेश चौरसिया, काली सहाय पाठक, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सत्य नारायण तिवारी, अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री हरिराम पासी,अरुण द्विवेदी, अवध कुमार सिंह, बॉबी सिंह, संतोष दूबे,रामचंद्र दुबे, दावर खान,उत्तम सिंह,राजधर शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रदीप यादव सहित गन्ना किसानों रमेश तिवारी, अजीत यादव ,अशोक सिंह, फतेह बहादुर सिंह, बृजेश सिंह प्रधान, धीरेन्द्र सिंह प्रधान, रामकेश यादव, धर्मेश चौरसिया, सौरभ वर्मा आदि ने मुख्यमंत्री योगी जी,पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

# सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने के दावों की निकल रही हवा : बनते ही उखड़ने लगी सड़क

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार द्वारा सड़कों को गड्ढ़ामुक्त किए जाने के दावों की हवा निकल रही है।पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भले ही जिले की सभी सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने का दावा कर रहे है, लेकिन हकीकत कुछ अलग है। जिन सड़कों के गड्ढ़े भरे गए है अधिकांश गड्ढे उखड़ने लगे है।योगी सरकार ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने के आदेश जारी किए थे। इसके तहत पीडब्ल्यूडी विभाग ने जिले की सड़कों को चिहिंत कर उन्हें गड्ढ़ामुक्त कराने का काम शुरू कराया था।शुरुआती दौर में विभागीय अधिकारी बजट न होने का रोना रोते रहे,बाद में सड़कों को आनन–फानन में दुरुस्त कराने का काम तेज किया गया। सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने में महज खानापूर्ति की जा रही है।यही वजह है कि इसौली विधानसभा क्षेत्र में नरसडा–नटोली होते हुए पारा बाजार,शारदा सहायक खंड 16 की नहर पटरी बघौना–बल्दीराय रोड़,पारा बाजार–बल्दीराय सम्पर्क मार्ग,हलियापुर–कुड़वार मार्ग से



सादुल्लापुर रोड़ नरसडा गांव से लंगड़ी बाजार,बहुरावा बाजार से बल्दीराय रोड़ आदि की जिन सड़कों को गड्ढ़ामुक्त कराया गया है वह सड़कें चार दिन मे उखड़ने लगी है। गिट्टी उखड़ने से लोगों में आक्रोश है।लोगों का कहना है कि सड़कों में इक्का दुक्का स्थानों पर बड़े गड्ढ़े भरकर खानापूर्ति कर बजट को ठिकाने लगाया गया है।

# लोजपा के दिल्ली केंद्रीय बैठक में शामिल होंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

आर एल पाण्डेय गोंडा। प्रदेश में आगामी 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए नई दिल्ली के 12 जनपथ स्थित केन्द्रीय में आगामी 21 दिसंबर को लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी पदाधिकारियों व फ्रंटल संगठन की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में गोण्डा व बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता विधानसभा प्रभारी गोंडा डॉक्टर कल्प राम त्रिपाठी के नेतृत्व में शामिल होंगे। श्री त्रिपाठी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष मणि शंकर पांडेय ने पदाधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा है कि विधानसभा चुनाव की तैयारी पर केन्द्रित इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पासवान प्रत्याशियों को दमखम से उतरने की घोषणा के साथ पार्टी की रणनीति का खुलासा करेंगे। बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला व शहर अध्यक्षों व फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि उक्त बैठक में विधानसभा क्षेत्र गोंडा व बलरामपुर से चुनाव में प्रत्याशियों को उतारने का अनुरोध व मांग करने के लिए सैकड़ों की संख्या में दोनों विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता 20 दिसम्बर को दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कर्मचारियों के समायोजन के लिये लिखा पत्र

आर एल पाण्डेय लखनऊ। इरिगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज यूनियन(उ.प्र.) के प्रान्तीय महामंत्री सुरेश त्रिपाठी का प्रतिनिधिमंडल कानून मंत्री बृजेश पाठक से अपने समायोजन के संदर्भ में मुलाकात की तदोपरान्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिये समायोजित करने के लिये पत्र लिखा तत्पश्चात भाकियू(टिकैत) के जिलाध्यक्ष सरदार गुरुमीत सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष लखनऊ राजेश सिंह व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनार सिंह ने कर्मचारियों के समायोजन के समर्थन में विभागाध्यक्ष बी.के.निरंजन से वार्ता हेतु लिखा पत्र व वार्ता हेतु समय न मिलने पर यदि दो दिन में यूनियन से समायोजन सम्बंधित वार्ता नही होती है तो दल बल व राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार कर्मचारियों के समर्थन में हर सम्भव कदम उठाने को तैयार है।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने कपड़ा बैंक योजना के तहत वितरण किए वस्त्र

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''कपड़ा बैंक योजना'' के अंतर्गत जरूरत मंद एवं गरीबों को कपड़ों का वितरण डॉ राघवेंद्र शुक्ला जनरल सेक्रेटरी के कर कमलों से गोमती नगर विस्तार सेक्टर 5 के पास प्रारम्भ करवाया। जिसमे जरूरत मंद बालिकाओं ,वृद्धों ,बच्चों को कपड़ों का वितरण किया गया।इस अवसर पर प्रेसिडेंट डॉक्टर बी एन सिंह ने सभी लखनऊ के निवासियों से अपील किया कि लखनऊ वासी आगे आकर अपने अपने घरों से पुराने और निष्कासित किये गए कपड़ो को दान करें ताकि इस ठंडक के मौसम में कोई भी कपड़ो की कमी के कारण बीमार न पड़ सके। इस कार्यक्रम में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के कई पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिसमें अध्यक्ष सचिव आलोक मिश्र, सी0जी0नायर, नंदिनी मिश्रा खंड प्रभारी, आलोक अग्रवाल,ई0अशोक गुप्ता,मनोज मिश्रा,



ऋषभ कश्यप, तेज मिश्रा, शालिनी दुबे, मोनिका,अनामिका, रोहित सिंह,अरुण गुप्ता, राकेश जेटली,अजय तिवारी,प्रेम राठौर,अरविंद तिवारी,संदीप राजपूत,सुंदरम दुबे,मनीष मिश्रा, मनोज कुमार वर्मा,सुशील तिवारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जजों की नियुक्ति के लिए न्यायिक सेवा के गठन के प्रस्ताव को कई राज्य तैयार नहीं, हाईकोर्ट का भी इनकार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रशासनिक और पुलिस सेवा की तर्ज पर पूरे देश की निचली अदालतों में जजों की नियुक्ति के लिए न्यायिक सेवा के गठन का मामला खटाई में पड़ता दिख रहा है. इस सेवा को लेकर अधिकतर राज्य और हाई कोर्ट ने इनकार ही किया है. न्यायिक सेवा से इनकार करने वाले राज्य और हाई कोर्ट का आंकड़ा 99% है. सिर्फ 1% राज्यों ने ही इसमें हामी भरी है। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक अभी सिर्फ 2 राज्य ही इसके पक्ष में हैं जबकि 8 राज्यों ने साफ इनकार कर दिया है. तेरह राज्यों ने इस पर कोई जवाब ही नहीं दिया है. 5 राज्य जजों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था में कुछ बदलाव चाहते हैं. न्यायिक सेवा के गठन को लेकर हाई कोर्ट की बात करें तो तेरह हाई कोर्ट ने इससे साफ इनकार कर दिया है. वहीं सिर्फ 2 ने हामी भरी है जबकि 6 हाई कोर्ट इसमें बदलाव चाहते हैं। वहीं 2 हाई कोर्ट की तरफ से इस पर कोई जवाब ही नहीं आया।

# भूटान देगा पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान : मदद करने पर शुक्रिया कहा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है. भूटान ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नगादग पैल गी खोरलो' से सम्मानित किया है. भूटान के प्रधानमंत्री कार्यालय से ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी गई है. ये पहली बार नहीं है जब पीएम मोदी को किसी देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा हो. इससे पहले भी उन्हें सऊदी अरब, यूएई समेत 8 देश सम्मानित कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी को भूटान ने ये पुरस्कार दोस्ती और आपसी सहयोग के लिए दिया है. भूटान सरकार ने बताया कि महामारी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सहयोग किया. भूटान ने इस पुरस्कार के लिए अपने लोगों की ओर से बधाई देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा एक महान और आध्यात्मिक इंसान के रूप में देखा है. भूटान ने प्रधानमंत्री मोदी को देश आने का न्योता भी दिया है।

# आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में जनपद को विकास के पथ पर ले जाने के लिए आगनबाडी के लिए बनाए जा रहे 28 भवनों की समीक्षा बैठक करते हुए ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर( वीडियो) व ग्राम सचिव से कहा कि जनपद में चल रहे आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्यों को पूर्ण कराया जाए जिससे आंगनवाड़ी के कार्यों को सही तरीके से संचालित किया जा सके और आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा सके जिलाधिकारी ने संबंधित सचिव व वीडियो को स्पष्ट निर्देशित किया कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए चल रहे कार्यों को देखरेख करें जिससे समय बद्ध तरीके से गुणवत्ता युक्त भवन जल्द से जल्द तैयार हो सके और विकास कार्यों में चार चांद लग सके डीएम ने चल रहे निर्माण कार्यों का फोटोग्राफ देखकर कहा कि सभी निर्माण कार्यों को 10 जनवरी 2022 तक हर हालत में पूर्ण कर लें जिससे भवनों को आंगनवाड़ी केंद्रों को सुपुर्द किया जा सके।

# 69000 शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों का बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ ब्यूरो : 69 हजार शिक्षक भर्ती में नियमानुसार आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को सैकड़ों शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को लेकर उनकी पुलिस से काफी धक्कामुक्की व गुत्थमगुत्था भी हुई। अभ्यर्थियों को उठाने पहुंचे पुलिस वालों को ही अभ्यर्थियों ने जकड़ लिया। अंत में सभी अभ्यर्थी हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेजे गए। आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों का कहना था कि इस भर्ती में ओबीसी वर्ग को 27: की जगह मात्र 3.86: आरक्षण दिया गया है तथा एससी वर्ग को इस भर्ती में 21: की जगह 16.6: आरक्षण दिया गया है। ओबीसी वर्ग को इस भर्ती में उनके कोटे की 18598 सीट में से मात्र 2637 सीट ही दी गई है। जो पूरी तरह से गलत है। उनका यह भी कहना था कि इस भर्ती में बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 तथा आरक्षण नियमावली 1994 का उल्लंघन हुआ है। अभ्यर्थियों का कहना



था कि 29 अप्रैल 2021 को इस भर्ती में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी घोटाला मानते हुए अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। इसलिए उस रिपोर्ट को लागू किया जाए तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सभी शिकायतकर्ताओं को न्याय दिया जाए। अभ्यर्थियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी थी कि मंत्री ने सदन में कहा कि उन्हें आयोग की रिपोर्ट नहीं मिली जबकि यह 8 महीने पहले ही आ चुकी है।

# आदि गुरू श्रीदत्तात्रेय भगवान का पावन स्मरण किया गया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री संकट मोचन हनुमान जी मन्दिर ट्रस्ट एवं बाबा नीब करोरी जी महाराज आश्रम में आदि गुरु श्री दत्तात्रेय जयन्ती समारोह मार्गशीर्ष पूर्णिमा शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देवाधिदेव महादेव भगवान श्री मृत्युञजय महादेव का पूजन तथा रुद्राभिषेक, शिव सहस्त्रनाम का पाठ, श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ,आदि गुरू श्रीदत्तात्रेय भगवान का पावन स्मरण किया गया।व्याख्यान सदाकांत शुक्ल (ए.ि. से.नि.)आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी,आचार्य उमेश पाठक, आचार्य शिव मूरत तिवारी,आचार्य गोविंद शर्मा ने बताया कि भगवान दत्तात्रेय, महर्षि अत्रि और उनकी सहधर्मिणी अनुसूया के पुत्र थे। इनके पिता महर्षि अत्रि सप्तऋषियों में से एक है,और माता अनुसूया को सतीत्व के प्रतिमान के रूप में उदधृत किया जाता है। हमारे पुराण देवी–देवताओं की चमत्कारिक घटनाओं से भरे हुए हैं। हिन्दू धर्म में असंख्य देवों का वर्णन है, इसलिए इनसे जुड़ी घटनाओं की संख्या भी बहुत अधिक है। पौराणिक इतिहास संपादित करें इसी पौराणिक इतिहास में पवित्र और पतिव्रता देवी अनुसूया व उनके पति अत्रि का नाम प्रमुख तौर पर दर्ज है। एक बार की बात है माँ अनुसूया त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश जैसे पुत्र की प्राप्ति के लिए कड़े तप में लीन हो गईं, जिससे तीनों देवों की अर्धांगिनियां सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती को जलन होने लगी। तीनों ने अपनी पतियों से कहा कि वे भू लोक जाएं और वहां जाकर देवी अनुसुया की परीक्षा लें। ब्रह्मा, विष्णु और महेश संन्यासियों के वेश में अपनी जीवनसंगिनियों के कहने पर देवी अनुसुया की तप की परीक्षा लेने के लिए पृथ्वी लोक चले गए। अनुसुया के पास जाकर संन्यासी के वेश में गए त्रिदेव ने उन्हें भिक्षा देने को कहा, लेकिन उनकी एक शर्त भी थी। अनुसुया के पतित्व की परीक्षा लेने के लिए त्रिदेव ने उनसे कहा कि वह भिक्षा मांगने आए हैं लेकिन उन्हें भिक्षा उनके सामान्य रूप में नहीं बल्कि अनुसुया की नग्न अवस्था में चाहिए। अर्थात देवी अनुसुया उन्हें तभी भिक्षा दे पाएंगी, जब वह त्रिदेव के समक्ष नग्न अवस्था में उपस्थित हों।त्रिदेव की ये बात सुनकर अनुसुया पहले तो हड़बड़ा गईं लेकिन फिर थोड़ा संभलकर उन्होंने मंत्र का जाप कर अभिमंत्रित जल उन तीनों संन्यासियों पर डाला।पानी की छींटे पड़ते ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ही शिशु रूप में बदल गए। शिशु रूप लेने के बाद अनुसुया ने उन्हें भिक्षा के रूप में



स्तनपान करवाया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश के स्वर्ग वापस ना लौट पाने की वजह से उनकी पत्नियां चिंतित हो गईं और स्वयं देवी अनुसुया के पास आईं। सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती ने उनसे आग्रह किया कि वे उन्हें उनके पति सौंप दें। अनुसुया और उनके पति ने तीनों देवियों की बात मान ली किन्तु अनुसूया ने कहा ''कि त्रिदेवों ने मेरा स्तनपान किया है इसलिए किसी ना किसी रूप में इन्हें मेरे पास रहना होगा अनुसुया की बात मानकर त्रिदेवों ने उनके गर्भ में दत्तात्रेय , दुर्वासा और चंद्रमा रूपी अपने अवतारों को स्थापित कर दिया , जिनमें दत्तात्रेय तीनों देवों के अवतार थे । दत्तात्रेय का शरीर तो एक था लेकिन उनके तीन सिर और छः भुजाएं थीं। विशेष रूप से दत्तात्रेय को विष्णु का अवतार माना जाता है।ख्1, दतात्रेय की छः भुजाएँ और तीन शीश इसलिए हैं जिसकी कथा इस प्रकार है। एक बार ब्रह्मा ब्रह्मलोक में ध्यान में लीन थे की तभी भगवान शंकर वहां पधारे वे ब्रह्मा का ध्यान टूटने का इंतजार करने लगे किन्तु ब्रह्मदेव ने अपने नेत्र नहीं खोले भगवान शिव की शांति का बांध टूटने लगा उन्होंने अपने डमरू से भी ब्रह्मदेव को जगाने का प्रयास किया किन्तु उनका ध्यान ही नहीं टूटा भगवान ब्रह्मा की जब आखें खुली तब उन्होंने शिवजी से माफी मांगी किन्तु शिवजी को शांत नहीं कर सके उन्होंने भगवान सत्यनारायण का ध्यान किया जिससे भगवान विष्णु ने उनके क्रोध को शांत किया किन्तु उनका अंश आधे से ज्यादा नष्ट हो चुका था द्य तब देवी अनुसूया ने जब तीनों में से दो शिशु अर्थात् चंद्रदेव और दुर्वासा को जन्म दिया ( दुर्वासा सबसे बड़े और चंद्रमा दूसरे स्थान के पुत्र थे ) जब तीसरे शिशु ( अर्थात् दतात्रेय ) का जन्म नहीं हुआ किन्तु अनुसूया को प्रसव पीड़ा होती रही तब ब्रह्मा जी और शिवजी को सारी बात समझ आ गई तब उन्होंने अपने कुछ अंश भेजे जिससे दतात्रेय के गर्भ में ही तीन सिर और छः भुजाएँ हो गई। दत्तात्रेय के अन्य दो भाई चंद्र देव और ऋषि दुर्वासा थे। चंद्रमा को ब्रह्मा और ऋषि दुर्वासा को शिव का रूप ही माना जाता है। जिस दिन दत्तात्रेय का जन्म हुआ आज भी उस दिन को हिन्दू धर्म के लोग दत्तात्रेय जयंती के तौर पर मनाते हैं। भगवान दत्तात्रेय से एक बार राजा यदु ने उनके गुरु का नाम पूछा,भगवान दत्तात्रेय ने कहा : ''आत्मा ही मेरा गुरु है,तथापि मैंने चौबीस व्यक्तियों से गुरु मानकर शिक्षा ग्रहण की है।''

# लिआफी ने जीवन बीमा अभिकरण से जुड़े कार्यकर्ताओं को शक्तिशाली बनाया : अशोक सक्सेना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ लियाफी के बरेली मंडल द्वारा वृहद अभिकर्ता सम्मेलन और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यक्रम का आयोजन एक मैरिज लॉन में किया गया। जिसमें उत्कृष्ट अभिकर्ताओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बरेली मंडल अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने कहा कि लियाफी ने जीवन बीमा कार्य क्षेत्र जुड़े हर कार्यकर्ता कंसल्टेंट को शक्तिशाली बनाया है। विक्रय वाहिनी के सभी श्रेणी के सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री सक्सेना ने कहा कि एलआईसी की हर शाखा में एजेंट्स के लिए अलग कक्ष,सी एल आई ए के लिए अलग से विशेष कक्ष की व्यवस्था फेडरेशन ने कराकर एजेंट्स को सशक्त बनाया।संगठन के कारण साधारण एजेंट्स से लेकर क्लब मेंबर का शाखा स्तर से लेकर मंडल कार्यालय तक कोई शोषण होने वाला नहीं है।उन्होंने बताया कि अब अभिकर्ता का ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, ग्रेच्युटी,इंटरेस्ट फ्री एडवांस,सैलरी सेविंग स्कीम आदि की सुविधा सर्वत्र उपलब्ध है।कोई भी समस्या होने पूरे डिवीजन के अभिकर्ता एकत्र होकर मैनेजमेंट का विरोध करते देखे जा सकते हैं।इसलिए एकजुट रहें।हमारा अभिकर्ता ,हमारी वरीयता में है।वर्तमान में संगठन की शक्ति ही हमें मजबूत बनाती है। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री अमर सिंह परमार ने कहा कि संगठन ने एजेंसी को प्रोटेक्शन दिया। ग्रेच्युटी बढ़ने का प्रपोजल केन्द्र सरकार में लंबित है।आज हमारे एलआईसी एजेंट बी एल वर्मा केंद्र सरकार में मंत्री हैं।उनसे आग्रह कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन से मिलने का समय मांगा है।फेडरेशन ने इंटरेस्ट फ्री कोविड एडवांस 50 हजार रूपए दिलाया।किसी शाखा प्रबंधक ने नहीं कहा कि आओ एडवांस ले जाओ।शाखा प्रबंधक हमेशा कहता रहता है कि तुम काम करो,संगठन के चक्कर में न पड़ो।श्री परमार ने कहा कि आज संगठन की शक्ति बढ़ी है।अभिकर्ता हित में संगठन निरंतर संघर्षरत है। और पूरे संभाग से बड़ी संख्या में अभिकर्ता और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए। बरेली के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि लियाफी बरेली मंडल में 1993 से सक्रिय है।आज शाखा से




लेकर मंडल कार्यालय तक सभी अधिकारी संगठन की ताकत से परिचित हैं।अब मेडिक्लेम की सुविधा पति पत्नी दोनों को उपलब्ध है।ग्रुप इंश्योरेंस 12 लाख हो गया है।इस लिए फेडरेशन के साथ भी कुछ योगदान करें।केवल ब्रांच मैनेजर के साथ बैठकर गौरवान्वित न होएं।ब्रांच मैनेजर सुबह को आया ,शाम को चला गया। जबकि अभिकर्ता समाज में निरंतर सेवा करता है। डी एम क्लब मेंबर अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि कलयुग में संगठन ही शक्ति है।एक अभिकर्ता ही धरती पर ऐसा इंसान है जो ग्राहक और उसके परिवार की चिंता करता है। इसलिए ग्राहकों के सामने अच्छा प्रस्तुतिकरण करें।उनसे अच्छे मैत्रीपूर्ण सद्भाव के साथ संबंध रखें। सम्मेलन में मीडिया प्रभारी सुश्री अंजली गुप्ता ने नारी सशक्तिकरण पर लेख प्रस्तुत किया।मंडल सचिव ब्रह्मपाल सिंह,राजीव गंगवार,आर एस राठौर,पूर्व सभासद कुलदीप कुमार त्रिपाठी एवं आदित्य तिवारी ने भी संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने हर साथी का सहयोग करने की घोषणा की। सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं सीएलआईए नीरज श्रीवास्तव ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान से किया।मंडल अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी यूनिट शाहाबाद के अध्यक्ष प्रमोद पाठक,महामंत्री रमाकांत मौर्य,कोषाध्यक्ष अजय दीक्षित,उपाध्यक्ष रामौतार,अरुण वर्मा,अली शेर,अनूप पाल,राजेश सिंह,संगठन मंत्री राजेश्वर राठौर,प्रचार मंत्री राज कुमार एवं मीडिया प्रभारी सुश्री अंजली गुप्ता को शपथ ग्रहण कराई। मंडल अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने सी एल आई ए सैय्यद अंजुम आफाक को बरेली मंडल का उपाध्यक्ष घोषित किया। आर के मिश्र एवं सैय्यद अंजुम आफाक के संयुक्त संचालन में हुए शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मेलन में वकार अहमद,लालाराम, आदित्य तिवारी,सर्वेश सिंह,सभासद अखिलेश त्रिपाठी,संजय शुक्ला,विजय गुप्ता,प्रवीण सिंह सहित तमाम अभिकर्ताओं ने भाग लिया। एक लंबे अंतराल के बाद हुए लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के इस सम्मेलन से अभिकर्ताओं में एक नई ऊर्जा,नई शक्ति,नई उमंग देखी देखी गई।समापन पर अंजुम आफाक और अजय दीक्षित ने सभी अतिथियों एवं अभिकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

# थाना जलालपुर पुलिस द्वारा तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में उ0नि0 रामबिलास मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन में बाकराबाद क्रासिंग मोड पर मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दिया कि एक व्यक्ति अवैध असलहा लिये हाइवे होते हुए बिक्री के लिए इजरी जा रहा है। इस सूचना पर विश्वास कर हिकमत अमली से मुखबिर के इशारे पर बाकराबाद क्रासिंग मोड इजरी से एक व्यक्ति को पकड लिया गया जिसका नाम पता पूछा गया तो अपना नाम ललित सरोज पुत्र कैलाश नाथ सरोज नि0 इस्मैला थाना जलालपुर, जौनपुर बताया जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा व दो कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–306/21 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.ललित सरोज पुत्र कैलाश नाथ सरोज निवासी इस्मैला थाना जलालपुर, जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0–149/21 धारा–23/325/504/506 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर।2–मु0अ0सं0–236/21 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जलालपुर, जौनपुर। 3– मु0अ0सं0–306/21 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर, जौनपुर। बरामदगी का विवरण– एक देशी तमंचा 12 बोर मय दो कारतूस। गिरफ्तारी करने वाली टीमदृ 1.उ0नि0 श्री रामबिलास थाना जलालपुर जौनपुर। 2.का0 आनन्द सिंह थाना जलालपुर जौनपुर। 3.का0 सुनिल यादव थाना–जलालपुर, जौनपुर।

# कृषकों का भ्रमण दल रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृषि भवन परिसर से शुक्रवार को आत्मा योजनान्तर्गत 50 कृषको का पाच दिवसीय अन्तर राज्यीय कृषक भ्रमण दल को जिला कृषि अधिकारी के.के. सिंह ने हरी झंडी




दिखाकर रवाना किया। जो गन्ना अनुसंधान संस्थान तेलीबाग लखनऊ में भ्रमण कर कृषि की आधुनिक तकनीक सीखेगें। इस मौके पर किसानों को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश के अंदर विभिन्न तकनीकी संस्थाओं में कृषकों का दल भ्रमण कर आधुनिक तकनीकीयो को सीखकर अपने खेत पर उसका प्रयोग करेगें। इस मौके पर शरद पटेल, विजय सिंह, कमला सिंह, दीपक रानी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान प्रो. मानस पांडेय को सम्मान



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय की स्वायत संस्था गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट, नई दिल्ली के तत्वावधान में शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान देने के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. मानस पाण्डेय को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया गया। यह पुरस्कार उनके अमूर्त शैक्षणिक योगदान के लिए दिया गया है। कार्यक्रम राजघाट पर ही आयोजित किया गया। यह सम्मान गांधी दर्शन के निदेशक दीपांकर श्रीज्ञान के कर कमलों द्वारा भेंट किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा समाज पर शिक्षा का प्रभाव पड़ता है जहां शिक्षा होती है। वह समाज शिक्षित तथा सभ्यता की ओर अग्रसर होता है। वह सृजन करता है शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपने शक्तियों का दुरुपयोग करता है, जिससे समाज का अहित होता है। समाज शिक्षा को प्रभावित करता है तो दूसरी और यह बात सत्य है कि, शिक्षा समाज के स्वरूप को निश्चित करती है , और उसकी सांस्कृतिक , धार्मिक , राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। शिक्षा मानव समाज की आधारशिला है । वह समाज का निर्माण करती है , उसमें परिवर्तन करती है , और उसका विकास करती है।

# दूध प्लांट के साथ ही दुग्ध क्रांति की आधारशिला भी रखेंगे प्रधानमंत्री

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 दिसंबर को पूरे देश भर के दूध और दुग्ध उत्पादन करने वालों के उत्पादों की गुणवत्ता का मानक तय करने की शुरुआत करेंगे। वाराणसी के पिंडरा के करखियांव में अमूल प्लांट के शिलान्यास के साथ ही पीएम मोदी केंद्र सरकार की दो योजनाओं को भी जांच करेंगे। इसमें भारतीय मानक ब्यूरो की तर्ज पर दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता के मानक की शुरुआत होगी। इसके साथ ही रामनगर के दूध प्लांट का संचालन बायो गैस से शुरू किया जाएगा। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद दिव्य काशी भव्य काशी अभियान के तहत 23 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी आगमन होगा। करीब डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में पीएम मोदी पीएम अमूल प्लांट के शिलान्यास के साथ ही वाराणसी की 25 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही देशभर के दुग्ध उत्पादों के गुणवत्ता मानक को तय करने की शुरुआत करेंगे। जनसभा के लिए प्रत्येक विधानसभाओं में न्यौता पीएम मोदी की जनसभा के लिए भाजपा ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है और इसमें प्रत्येक विधानसभा में गांवों तक न्यौता भेजा जाएगा। लक्ष्य रखा गया है कि प्रत्येक बूथ के लोगों को जनसभा में शामिल कराया जाए। इसके लिए वाहनों की व्यवस्था भी पार्टी स्तर से कराई जा रही है। ग्रामीणों को अपने हाथ से घरौनी देंगे पीएम पीएम मोदी 23 दिसंबर को सेवापुरी ब्लॉक के ग्रामीणों को घरौनी वितरण भी करेंगे। इसके साथ ही जिले भर के करीब 60 हजार लोगों को घरौनी मिल जाएगी। सर्वे आदि के आधार पर घरौनी तैयार कर ली गई है और इसमें आपत्तियों के लिए समय सीमा तय की गई है। पीएम के हाथों शुरुआत के बाद जिले भर में घरौनी वितरण फिर शुरू किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु योजना संचालित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु योजना संचालित है। निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना हेतु नियम एवं शर्ते है जिसमें ऐसे दिव्यांगजन जो मस्क्यूलर, डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पालिसी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हों या व्यक्ति उपयुर्क्त की भॉति शारीरिक स्थिति में हो, उसकी दृष्टि अच्छी हो, मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के उपर का हिस्सा (भाग) स्वस्थ हों, सम्बन्धित दिव्यांगजन मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हों व जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा उसकी दिव्यांगता न्यूनतम 80 प्रतिशत तक या उससे अधिक प्रमाणित की गयी हो। जिनकी आयु 16 वर्ष या 16 वर्ष से अधिक हो एवं जनपद के स्थायी निवासी हों। दिव्यांगजन या उसके परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू. 180000 से अधिक नहीं है, आय हेतु तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा। ऐसे दिव्यांगजन जो हाईस्कूल या उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत है, को वरीयता दी जायेगी, जिसके सम्बन्ध में संस्थान के संस्थाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। दिव्यांगजन को "प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर" लाभान्वित किया जायेगा। पात्र दिव्यांगजन को यू0डी0आई0डी0 कार्ड उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा शारीरिक स्थिति की सक्षमता का भौतिक परीक्षण होने के उपरान्त पात्र पाये जाने पर अनुमोदन समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त श्रेणी में आने वाले ऐसे दिव्यांगजन यदि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करना चाहते है तो दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, यू0डी0आई0डी0 कार्ड, आधारकार्ड/अन्य प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता दर्शाता हुआ एक पासपोर्ट साइज का नवीनतम् फोटो एवं मो0नं0 के साथ विभागीय बेबसाइट www.hwd.uphq.in पर ऑनलाईन आवेदन कर लाभ उठायें।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में पेंशनर दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुसार 17 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में पेंशनर दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंशनर्स की समस्याओं एवं उनके निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पेंशनर संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र, सत्यदेव सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के पेंशनर्स ने बताया कि पेंशनर्स के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी के प्रयास से भूमि आवंटन कक्ष निर्माण हेतु उपलब्ध कराया गया है। शासन से धनराशि उपलब्ध हो गई है। इंजीनियर क्षमा नाथ दूबे, सीबी सिंह आदि ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर होने वाले विलम्ब के बारे में ध्यान आकर्षित किया। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि जनपद में 24874 पेंशनर हैं, जिसमें 24400 पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 80 वर्ष तक के 23053 पेंशनर है। 80 वर्ष से अधिक के 1821 पेंशनर्स है तथा 100 वर्ष के ऊपर के 3 पेंशनर्स पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। 4000 पेंशनर्स डिजिटल सर्टिफिकेट दिया है। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक के 04 वरिष्ठ पेंशनर क्रमशः यदुनाथ सिह, मुखई राम पाल, डा. आत्माराम पाण्डेय, हीरालाल पाण्डेय एवं सेवानिवृत उप पुलिस उपाधिक्षक अशोक कुमार सिंह को माल्यार्पण व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। पेंशनर्स संगठनो के पदाधिकारियों को भी माल्यार्पणकर सम्मानित किया गया। पेंशनरों ने मांग किया कि अस्पताल एवं बैंक में पेंशनरों के लिए अलग लाइन लगवाया जाए तथा दूसरी तरह की पर्ची जारी कर दें ताकि असुविधा न हो। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अगले पेंशन दिवस के कार्यक्रम के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित कराया जाए, जिससे मनोरंजन के साथ उत्साहवर्धन भी हो सके। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक व्यक्तियों के लिए आगामी निर्वाचन में घर पर ही वोटिंग करने व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी जहां पर बैलट पेपर एवं बॉक्स के साथ टीम उपस्थित रहेगी। पारिवारिक कलह से ग्रसित पेंशनर को एसडीएम के यहां प्रार्थना पत्र देकर समस्या का निराकरण करा सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख विभागों के कार्यालयाध्यक्ष/उनके प्रतिनिधि तथा जनपद के प्रबूद्ध पेंशनर्स उपस्थित रहे तथा कोषागार कार्यालय के दयाराम गुप्ता, मनोज कुमार यादव, प्रमोद कुमार तिवारी, रामकृष्ण गुप्ता, जीशान हैदर, नीरज कुमार श्रीवास्तव, रवीन्द्र कुमार, माता प्रसाद, विमलेश कुमार, विकास कुमार विश्वकर्मा, रामभुवन, प्रतीक कुमार, सूरज कुमार एवं राहुल सहाय, संतोष कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कक्षा 9वीं के छात्र को स्कूल से हिरासत में लिया : लंच के समय में दिया था वारदात को अंजाम

चंदौली ब्यूरो : चंदौली जिले के मुगलसराय थाना क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कॉलेज में एलकेजी की सात वर्षीय बच्ची से दरिंदगी करने वाले को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी उसी स्कूल का नौवीं का 15 वर्षीय छात्र निकला। उसने लंच के समय बच्ची को ले जाकर दूसरे कमरे में दरिंदगी की। मुगलसराय पुलिस ने शिनाख्त करके शनिवार सुबह आरोपी छात्र को स्कूल से ही हिरासत में लिया है। पुलिस उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश करेगी। मुगलसराय कोतवाली के एक गांव निवासी सात वर्षीय मासूम गांव स्थित एक विद्यालय में एलकेजी की छात्रा है। हर दिन की तरह बुधवार की को भी वह पढ़ने के लिए विद्यालय गई थी। छुट्टी के बाद जब वह घर लौटी तो गुमसुम सी थी। हर रोज की तरह बुधवार को भी वह पढ़ने के लिए विद्यालय गई थी। स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह घर लौटी तो गुमसुम सी थी और तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। उसने बताया कि गुरुवार की सुबह जब वह सो कर उठी तो उसे चलने में काफी परेशानी हो रही थी। इस बीच पास की महिला ने मासूम को देखकर किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की। जब मां ने बेटी से पूछताछ की तो उसने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। इसके बाद मां ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शुक्रवार को आरोपी को चिह्नित कर लिया और शनिवार की सुबह स्कूल से ही उसे हिरासत में ले लिया। मुगलसराय थाना प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि आरोपी को चंदौली स्थित जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेसवे से जिले के तीन सौ से अधिक गांवों की बदलेगी तकदीर

प्रयागराज ब्यूरो : गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से प्रयागराज और प्रतापगढ़ के बीच करीब 40 किमी दायरे के तीन सौ गांवों की किस्मत बदल जाएगी। इस एक्सप्रेस वे के दोनों किनारों पर औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस औद्योगिक कॉरिडोर से हजारों परिवारों के आर्थिक, सामाजिक जीवन में बदलाव आने की उम्मीद है। इस एक्सप्रेसवे को सोरांव तहसील के जूड़ापुर दांदू गांव में एनएच–19 से इस एक्सप्रेस–वे को मिलाया जाएगा। जूड़ापुर दांदू से प्रतापगढ़ से होकर गुजरने वाले इस एक्सप्रेस वे से जिले के विकास की नई इबारत लिखी जाने वाली है। फाइनेंशियल बिड खुलने के साथ ही इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस सिक्स लेन एक्सप्रेस वे को औद्योगिक विकास और पर्यावरण दोनों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक्सप्रेस वे के दोनों किनारे पर छायाकार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही परियोजना में अधिग्रहित भूमि पर सोलर पावर के माध्यम से सौर ऊर्जा का भी उत्पादन किया जाएगा। इससे इस एक्सप्रेस वे परियोजना के संचालन के लिए जरूरी ऊर्जा की पूर्ति होगी। मेरठ से प्रयागराज के बीच बढ़ेगी उद्योगों की आय। एक्सप्रेस –वे परियोजना से जुड़े एक अभियंता ने बताया कि इस गंगा एक्सप्रेस वे से मेरठ से प्रयागराज के बीच सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ कृषि, वाणिज्य, पर्यटन और उद्योगों की आय को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न उत्पादन इकाइयों, विकास केंद्रों और कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने के लिए एक औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। अभियंताओं का मानना है कि यह एक्सप्रेस वे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, भंडार गृह, मंडी और दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। साथ ही लोगों की सुविधाओं के लिए इस एक्सप्रेस वे के किनारे जनसुविधा केंद्रों की भी स्थापना की जाएगी। इसके अलावा परियोजना के आसपास के गांवों के निवासियों के लिए सर्विस रोड भी बनाई जाएगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने 36.230 करोड़ रुपये की लागत से 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना की स्वीकृति पिछले साल 26 नवंबर को दी थी। परियोजना के लिए करीब 7386 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, जिसमें पिछले चार माह में 71,621 किसानों से 90 फीसदी से अधिक भूमि खरीदी गई है। अब तक कुल 82,750 किसानों से 94 फीसदी भूमि खरीदी जा चुकी है। अडानी ग्रुप कराएगा गंगा एक्सप्रेसवे का काम। इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर संजीव मित्तल की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सामने गंगा एक्सप्रेसवे की फाइनेंशियल बिड खोली जा चुकी है। करीब 36 हजार करोड़ की इस परियोजना के लिए कुल तीन कंपनियों ने बोली लगाई थी। चार चरणों में बांटे गए इस परियोजना के काम के तीन हिस्सों को पूरा करने की जिम्मेदारी अडानी ग्रुप को मिली है, जबकि, मेरठ से अमरोहा तक का काम आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्टर डेवलपर्स को दिया गया है।

# एसएसपी अयोध्या ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा कर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कोतवाली अयोध्या पुलिस ने मुंबई से अयोध्या आकर चोरी की वारदात करने वाले गिरोह के सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इसका खुलासा करते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इसमे शामिल आरोपी कार का शीशा तोड़ सामान चुराते थे।वही कड़ी पुलिस ने 12 दिसंबर को अयोध्या के सरयू पुल पर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर की चोरी का खुलासा कर इस गिरोह का अनावरण किया है।इस मौके पर उन्होने बताया कि पुलिस ने कार से चोरी के करीब दस लाख रुपये के जेवर, 33 हजार रुपये नकद रिकवरी का दावा किया है।उन्होने बताया कि 12 दिसंबर को प्रयागराज के अशोक नगर कैंट के रहने वाले अरुण श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ अयोध्या में एक शादी समारोह में भाग लेने आए थे। रात करीब आठ बजे अपनी कार सरयू पुल के पास खड़ी करके सभी सरयू पूजन को गए थे। लौट कर आए तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ था व रखा बैग गायब था। पीड़ित ने बैग में करीब दस लाख रुपये के जेवरात के साथ 33 हजार रुपये नकद चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी।एसएसपी शैलेश पांडेय ने स्वयं अपनी निगरानी में सीओ अयोध्या राम कृष्ण चतुर्वेदी, सीओ ट्रैफिक राजेश तिवारी, एसओजी प्रभारी रतन शर्मा व कोतवाल अयोध्या देवेंद्र पांडेय की टीम को लगाया था।एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों द्वारा बनवाए स्कैच के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। शुक्रवार की सुबह घटना में शामिल चार लोगों कों कांशीराम कालोनी



के पास सं गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी किए करीब दस लाख के जेवर, 33 हजार नकद, एक तमंचा व चोरी में प्रयुक्त की गई कार बरामद हुई। आरोपियों की पहचान रहीमुल अंसारी निवासी गांव नांचा थाना बेला जनपद सीतामढ़ी, बिहार, उपेंद्र सोनी निवासी ठठेरिया थाना हरैया, बस्ती, रोहित पांडेय निवासी बडहर थाना हरैया, बस्ती व शिखर मिश्रा निवासी फरेंदा थाना हरैया जनपद बस्ती के रूप में हुई। एसएसपी ने बताया कि सभी आरोपी मुंबई में रहते थे, वहां उनके पास फ्लैट, कार आदि भी है।मुंबई से आकर अयोध्या व अन्य धार्मिक स्थलों पर खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर चोरी करते थे। इसके बाद वापस मुंबई भाग जाते थे। इनका एक संगठित गिरोह है, जिसका सरगना रहीमुल अंसारी है। गिरोह ने थाना कैंट अंतर्गत भी एक कार का शीशा तोड़कर चोरी की वारदात की थी।उन्होने बताया कि मुंबई से अयोध्या के नेटवर्क को तलाश जा रहा है।इस तरह की वारदात कहां–कहां की है, इसका पता लगाया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर के कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

# बीएसए एवं लेखा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध 28 दिसंबर से शिक्षक देंगे धरना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ब्लॉक इकाइयों की बैठक जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका संचालन जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा विभागीय कार्यालयों मे भ्रष्टाचार का बोलबाला है,सुविधा शुल्क की चाह में शिक्षकों के न्यायोचित समस्याओं निराकरण में जानबूझकर विलंब और हीला हवाली की जा रही है।ऐसा लगता है बाबूओं पर अधिकारियों का नियंत्रण नहीं रह गया है। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा शिक्षकों के समस्याओं के समाधान होने तक जिला संगठन ने आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा लगातार चेतावनी देने के बाद भी विभागीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार ना होने पर मजबूरन आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा। बैठक में आए ब्लॉक पदाधिकारियों में शिक्षकों के जायद समस्याओं के निस्तारण में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लेकर वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय तथा जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जबरदस्त आक्रोश दिखाई पड़ा। चयन वेतनमान, नवीन तैनाती पाए वेतन आदेश, अवशेष देयको का भुगतान, उपार्जित एवं प्रतिकर अवकाश, शिक्षणेत्तर कार्य न लिए जाने, अवकाश अवधि में प्रशिक्षण न कराए जाने, ऑनलाइन एवं प्रपत्र 9 की विसंगतियों को दूर किए जाने, एकल शिक्षिकाओं को सीसीएल, निलंबित शिक्षकों की बहाली तथा ए आर पी के विद्यालय भ्रमण की समय सारणी उपलब्ध कराए जाने समेत अन्य शिक्षक समस्याओं के समाधान की मागों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, संतोष द्विवेदी, अभिषेक यादव,संचराज वर्मा, तहसीन बानो, संतोष यादव, शैलेंद्र वर्मा, मो. आरिफ, अरविंद पाठक, अनिल सिंह, महेंद्र यादव, अविनाश पांडे, सत्येंद्र गुप्ता, प्राणेश रावत, उधव श्याम तिवारी, संजय सिंह, सत्येंद्रपाल सिंह, प्रहलाद गौतम आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी श्री सिद्धिविनायक सेवा संस्थान जमुनिया बाग ने डेड बॉडी फ्रीजर यमथरा घाट बैकुंठ धाम अयोध्या को सौपा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर में किसी की स्वर्गवास होने के बाद परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या रहती थी डेड बॉडी रखने की जिसे समाज सेवी श्री सिद्धिविनायक सेवा संस्थान जमुनिया बाग ने दूर कर दिया , पार्थिव शरीर को रखने के लिए दो डीप फ्रीजर समाज सेवी श्री सिद्धिविनायक सेवा संस्थान जमुनिया बाग ने खरीद कर पंडित संतोष मिश्रा यमथरा घाट बैकुंठ धाम अयोध्या में रखरखाव के लिए सौपा। संस्था के अध्यक्ष पवन अग्रवाल जी का कहना है कि डीप फ्रीजर कि कमी हमेशा तब खलती थी जब किसी परिवार में किसी का निधन हो जाता था और किसी के इंतजार और व्यवस्था में शव को अंत्येष्टि के लिए शव रख कर प्रतिछा करनी पड़ती है। डीप फ्रीजर के अभाव में कई तरीके की दिक्कतें रहती थी कभी कभी तो अपने ही अपने के आखरी दर्शन करने को वंचित रह जाते थे । इसको गंभीरता से लेते हुए संस्था ने इस समस्या को दूर कर दिया है और दो बड़े से डेड बॉडी फ्रीजर को खरीद कर पंडित संतोष मिश्रा ( यमथरा घाट बैकुंठ धाम अयोध्या ) के यहां रखरखाव के लिए सौपा। कोषाध्यक्ष गौरव श्रीमाली का कहना है कि हमारी संस्था निरंतर समाज के हित मे कार्य करती रहती है अयोध्या में डीप फ्रीजर मशीन की कमी को देखते हुए संस्था ने दो डीप फ्रीजर ( मर्चरी बॉक्स ) मशीन यमथरा घाट पर रखवाया है ये अयोध्या नगर व आस पास के छेत्रो में इसका लाभ लोग ले सकते है । साथ कि गौरव श्रीमाली ने बताया इसकी शुरुआत यमथरा घाट बैकुंठ धाम में कर दिया गया है यह सुविधा निशुल्क है लेकिन स्वेच्छा से दिया दान स्वीकार किया जाएगा । कार्यक्रम में अध्यक्ष पवन अग्रवाल , महामंत्री विशाल अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष गौरव श्रीमाली , मीडिया प्रभारी प्रशांत पटवा, सहसंयोजक रंजीत जयसवाल ,मोहमद शरीफ जी ( पद्मश्री ) , श्री वेद राजपाल , श्री शरद कपूर , संरछक अशोक कुमार शास्त्री जी , सुनील कृष्णदास श्रीमाली राजेंद्र मोदनवाल, प्रतीक जी राजे मेडिकल स्टोर ,आशीष अग्रवाल , घनश्याम अग्रवाल , अन्नू अग्रवाल , शिवालय परिवार रामनगर ,विशाल लालवानी , मनोज सोनी , अश्वनी अग्रवाल , दीपक गोयल , चिर्युष अग्रवाल , अभिषेक गोयल , नितिन गुप्ता , प्रांशु पटवा ,प्रेम साई , वजेंद्र श्रीमाली , पुनीत अग्रवाल , रमेश पाठक , आशुतोष सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता संबंधी उपकरणों के क्रय हेतु क्रय समिति की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम अयोध्या के विस्तारित क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत स्वच्छता संबंधी उपकरणों के क्रय हेतु क्रय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह द्वारा नगर निगम अयोध्या में सम्मिलित किये गए 55 वर्ग किलोमीटर के नए विस्तारित क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के दृष्टिगत 852 लाख रुपए की लागत से विभिन्न उपकरणों यथा कलेक्शन ट्राई साइकिल, ऑटो टिपर, कलेक्शन व्हील ऑपरेटेड बिन (कमर्शियल क्षेत्रों हेतु), कलेक्शन कंपैक्टर बिन, कलेक्शन रिफ्यूज कंपैक्टर–8 बिन, कलेक्शन हैंड कार्ट (स्ट्रीट स्वीपिंग), ट्रेक्टर विथ ट्राली आदि उपकरणों के क्रय हेतु प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर समिति द्वारा सहमत प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को नगर निगम में उपलब्ध पूर्व के उपकरणों हेतु स्थापित वर्कशॉप का निरीक्षण कर उपलब्ध उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण करने तथा वर्कशॉप में मरम्मत के उपरांत उपयोग में आने लायक उपकरणों की तत्काल मरम्मत कराकर उसका समुचित उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने साफ सफाई हेतु उपलब्ध समस्त उपकरणों के नियमित सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित रखने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समस्त स्ट्रीट लाइटों को नियमित चेक करते रहने तथा किसी भी स्टेट लाइट के खराब होने पर संबंधित संस्था से तत्काल सही कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के समस्त मोबाइल मशीन/वाहनों यथा ट्रैक्टर, ऑटो टिपर आदमी जीपीएस ट्रैकर भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपकरणों का सुनियोजित ढंग से उपयोग कर बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित कराने के साथ ही उपकरणों का रखरखाव की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित शौचालयों की भी नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या, अपर आयुक्त प्रशासन, अपर आयुक्त वित्त, अपर नगर आयुक्त सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू निषाद पार्टी में हुए शामिल : बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावना बढ़ी

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)सूत्र के मुताबिक जिले के बीकापुर विधानसभा से पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह निषाद पार्टी में शामिल हुये।वही अब उनके बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावना बढ़ गयी है।मालुम हो कि लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में शुक्रवार को निषाद पार्टी और भाजपा द्वारा आयोजित ''सरकार बनाओ अधिकार पाओ'' रैली में पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने सैकड़ों लोगों एवं लाव लश्कर, गाड़ियों के काफिले के साथ अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। निषाद पार्टी भाजपा की सहयोगी पार्टी है।जिसके चलते जानकारों द्वारा पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू के गठबंधन के खाते से होने वाले विधानसभा चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद द्वारा पूर्व विधायक को सम्मान पूर्वक पार्टी में शामिल कराया गया।पूर्व विधायक के निषाद पार्टी में शामिल होने के बाद बीकापुर में उनके समर्थकों के बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है।पूर्व विधायक के बीकापुर से चुनावी मैदान में कूदने की संभावना ने सियासी गलियारे में हलचल पैदा कर दी है। पिछले दिनो जिस तरह इनकी भाजपा में इंट्री और वापसी हुई फिर सन्नाटा फैल गया था। पिछले कुछ समय से वह क्षेत्र में समर्थकों अपने पुराने साथियों और लोगों से लगातार संपर्क कर रहे थे।निषाद पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और समाज सेवा के लिए वह और उनके परिवार के सदस्य पहले भी कार्य करते रहें हैं। और हमेशा समर्पित रहेंगे। निषाद पार्टी और बीजेपी की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये राम भक्तों की सभा है, निषाद राज को प्रणाम करता हूं, यूपी के विधानसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, 2022 में बीजेपी की ही सरकार बनेगी, सालों तक प्रभु श्रीराम तिरपाल में रहे, श्रीराम को तिरपाल में किसने रखा जनता सब जानती है। अब अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर बन रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया।संयुक्त रैली को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया और गृहमंत्री की जमकर तारीफ किया। रैली में उपस्थित जनसमूह को देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है देश की सीमा सुरक्षित हुई है।हर वर्ग के लोग आज भाजपा के साथ हैं।निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि आज की रैली आगे का भविष्य तय करेगी और पूर्ण बहुमत से प्रदेश में भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी। रैली को अन्य विशिष्ट जनो द्वारा भी संबोधित किया गया।

# जिले के समाजसेवी राजन पाण्डेय ने हजारों गरीबों को कंबल वितरित कर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के समाजसेवी राजन पांडे ने अपने शिवनाथ पुर कुमारगंज स्थित आवास पर हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए लगभग 25 से 30,000 को भोज कराकर सराहनीय कार्य किया।इस समय पूरे जिले से जरूरतमंदों को अपने द्वारा प्रदान करवाएं हुए वाहन साधनों से अपने कार्यक्रम स्थल तक अपने किराए से वाहनों का खर्च उठा कर गरीबों को सकुशल उनके आवासों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी स्वयं समाजसेवी श्री पांडे द्वारा अपने निजी पर की गई इस अवसर पर समाजसेवी श्री पांडे ने सभी को सह भोज में भोजन कराकर कंबल प्रदान करते हुए, अपने पूरे परिवार सहित आशीर्वाद प्राप्त किया।वही विशाल जनसैलाब के बीच श्री पांडे ने इस विशाल सह भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम को निर्विघ्न रुप से सकुशल संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान करने के लिए दूर–दूर से आए अपने सभी नौजवान भाइयों के अकूत मेहनत व इमानदारी पूर्वक कर्तव्यनिष्ठा के द्वारा गरीबों के सम्मान में आयोजित इस नेक कार्य रूपी यज्ञ में सहयोगीता प्रदान करने के लिए सभी उपस्थित सम्मानीय साथियों को तहे दिल की गहराइयों से धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं अपने साथियों के मान सम्मान के लिए किसी से भी व किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं करूंगा इनके सम्मान को कभी झुकने नहीं दूंगा वह जहां मेरी जरूरत पड़ेगी मैं इनके लिए अपना खून बहा दूंगा लेकिन उनके सम्मान को कभी गिरने नहीं दूंगा अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां करते हुए समाजसेवी ने आगे कहा कि जो भी भाई हमारे साथ ईमानदारी पूर्वक गरीबों की सेवा कर रहे हैं मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा वह कभी इनके सम्मान को कमी झुकने नहीं दूंगा।इस मौके पर समाजसेवी श्री पांडे ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए आगे कहा कि आज मुझे बहुत दुख होता है कि यह नेता मुझे कमजोर करने पर लगे हुए हैं कि किस तरह से मुझे कमजोर कर दे वह मैं अपने गरीबों की मदद ना कर सकूं वह अपने भाइयों के साथ ना खड़ा रह सकूं लेकिन मैं इन भ्रष्ट दलालों को बताना चाहता हूं कि गरीबों की दुआओं में इतनी शक्ति है कि जो भी आज तक मुझे मिटाने



बाहर आने में लगा है वह स्वयं ही स्वता अपने आप मिट गया है क्योंकि भगवान सदा उसकी मदद करते हैं जो दूसरों की मदद करता है और भगवान के घर देर है लेकिन अंधेर नहीं श्री पांडे ने इस विशाल कंबल वितरण व भोज आयोजन को निर्विघ्न रूप से शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए अपने प्रशासन के पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारी गणों को बहुत–बहुत हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं आप सभी के स्नेह यज्ञ की सफलता में सहयोग देने के लिए आप सभी का नंदन वंदन अभिनंदन करते हुए सभी को प्रणाम करता हूं व यदि कोई मुझसे गलती हुई हो क्योंकि या इतना बड़ा प्रोग्राम है वह दिमाग की परेशानी निरंतर इन भ्रष्ट नेताओं के क्रियाकलाप द्वारा बनी ही रहती है क्योंकि जहां मुझे इन लोगों द्वारा सम्मान देना चाहिए वह यह मुझे वह मेरे इस नेक कार्य को बर्बाद करने में लगे रहते हैं वह विभिन्न षड्यंत्र किए रहते हैं।कंबल वितरण समारोह में उनके बेटे जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे, उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ तृप्ति पांडे, अर्पित पांडे, अमित पांडे बमबहादुर पांडेय, त्रिलोकी नाथ पांडेय, सुरेश मिश्रा टीटू, अनिल मिश्रा सुनील मिश्रा, ननकू पांडे, मोंटी शुक्ला, आशीष पांडेय, आलोक पांडेय,आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हड़ताल के चलते राष्ट्रीयकृत बैंकों में लटके रहे ताले, बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के देश व्यापी हड़ताल के आह्वान पर दूसरे दिन जनपद के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में हड़ताल के कारण लगभग 189 बैंक शाखाओं में ताले लटकते रहे। बैंकिंग उद्योग जगत की सभी नौ मजदूर संगठनों ने अयोध्या जनपद में युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स अयोध्या के बैनर तले सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिविल लाइंस शाखा फैजाबाद के सामने एकत्र हो कर संयोजक सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व मेंभारत सरकार द्वारा संसद में प्रस्तावित बैंकिंग संशोधन विधेयक 2021 बैंको के निजीकरण के हेतु , के विरोध में कार्यरत एवम् सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों के साथ विशाल प्रदर्शन कर जन सभा किया। सभा की अध्यक्षता वी के सिंह एवम् संचालन के.के रस्तोगी और डी सी टंडन ने किया। अध्यक्ष वी के सिंह ने सभी बैंक कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए बैंक के राष्ट्रीयकरण पर प्रकाश डाला। मंत्री डी सी टंडन ने बताया कि यह हड़ताल जनहित और राष्ट्र हित में है। सेंट्रल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री के के रस्तोगी बताया कि राष्ट्रीयकृत बैंक देश की रीढ़ है बैंको के राष्ट्रीयकरण से लेकर आज तक ध्वस्त 25 प्राइवेट बैंको को राष्ट्रीयकृत बैंकों में विलय कर जनता के धान को बचाया।संयोजक सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि देश की 50 बड़ी डिफाल्टर कंपनियों जैसे गीतांजलि,रोटोमक,जूम डेवलपर्स आदि के लगभग 68607 करोड़ रुपए बट्टे खाते में डाल दिए गए।जबकि सभी बैंक ऑपरेटिंग लाभ मे है। इस प्रकार बैंको को घाटे में दिखाकर निजीकरण का कुचक्र सरकार कर रही हैं लेकिन हम सभी मिलकर राष्ट्रहित में जनहित मे बैंको का निजीकरण कभी नहीं होने देंगे चाहे हमे भविष्य में अनिश्चित कालीन हड़ताल ही क्यों न करनी पड़े। यूनियन बैंक के नेता एकांत सिन्हा, रवि किरण, शनि, जितेंद्र कनौजया बैंक ऑफ बड़ौदा के विशाल शुक्ला, डी एन तिवारी स्टेट बैंक के इंद्रराज प्रवीन सिन्हा, अमिता श्रीवास्तव जे पी गुप्ता, एस के त्रिवेदी, सेन्ट्रल बैंक के रूपेश द्विवेदी , राम प्रीत, दिनेश तिवारी, सतेंद्र केनरा बैंक के नीरज,संदीप तिवारी, देवेंद्र,सर्वेश पवन सिंह पी एन बी के विक्रांत गुप्ता, आर आर शर्मा, इंडियन बैंक के आर एस दूबे, अशोक मिश्रा,चंद्रकांत, सभी ने अपने भाषण में बैंक में जमा जनता की पूजी को निजीकरण के माध्यम से पूंजीपतियों को हम सभी कभी लुटाने नहीं देगे । इसे भी पढ़े अयोध्या से दिल्ली यात्रा करने वाले यात्रियों मिली आधुनिक सुविधाएं। निजीकरण के लिए प्रस्तावित 6 बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यू को बैंक, पंजाब एण्ड सिंधा बैंक के नेता जे पी तिवारी, मो शाहिद, सी एन त्रिपाठी, रवि पाण्डे,शुभम् शर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने खून पीसने से निर्मित बैंक को कभी पूंजीपतियों के हाथ बिकने नहीं देगे यह हमारे रोजी रोटी और अस्तित्व की बात है बैंक बचाने के लिए हम समय आने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए तैयार हैं।

# आजादी का अमृत महोत्सव सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ. मा. वि. नानकपुरा साकेत के आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, रजनीश पाठक, कैप्टन कृष्ण कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संभागीय निरीक्षक अवरीश जी, विद्यालय के प्रबंधक विवेक अग्रवाल ,एवं सह प्रबंधक राम प्रकाश दुबे भी उपस्थित रहे। समारोह के शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का परिचय अभिभावकों के सम्मुख किया। अमृत महोत्सव समारोह के कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताए की गईं। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्कूल के बच्चो को शहीदो एवम महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके जैसा बनने की सीख दी। कैप्टन कृष्ण कुमार तिवारी ने कारगिल युद्ध के वीरो के बारे में विस्तार से बताया जिससे बच्चो में वीर रस की भावना ने जन्म लिया। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक गण, बच्चे, एवं विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी आशीष श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय शिखर शुक्ला , अखिलेश कृष्ण देव त्रिपाठी निशा सिंह , अलका,साक्षी पाण्डेय जी ,आरती, हिमानी रेखा आदि उपस्थित रही।

# भरतकुंड महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, भरतकुंड महोत्सव दूसरा दिन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महात्मा भरत की तपोस्थली नंदीग्राम में आयोजित तेइसवें भरतकुंड महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके बाद लखनऊ के कलाकार राकेश श्रीवास्तव द्वारा जादू की प्रस्तुतियां की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन के क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के डांस और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पीआरएल पब्लिक स्कूल असरेवा तिवारीपुर बीकापुर की छात्राओं ने झूठ बोले कौवा काटे३ और कान्हा चुटकी ना काटो मटकी फूट जाएगी ३. पर अपनी प्रतिभा दिखाई और जमकर वाहवाही बटोरी। इसके उपरांत समृद्धि पाठक, आकृति शर्मा, दृष्टि विश्वकर्मा, दर्शिका शर्मा समेत अन्य प्रतिभाओं ने अपने गायन और नृत्य से उन लोगों को आकृष्ट किया। न्यास के सदस्यों और पदाधिकारियों ने उत्कृस्ट बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जमकर उत्साहवर्धन किया।उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए देश व समाज का निर्माता बताया। जूनून से देश को विकास के पथ पर अग्रसर करें। इससे पूर्व महोत्सव की पहली देर शाम संस्कृति विभाग से आई कलाकार प्रतिमा यादव एंड टीम अंबेडकर नगर ने अपने लोक नृत्य नृत्य व लोक गायन से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान समाजसेवी विपिनेश पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, न्यास के अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय, मीडिया प्रभारी राकेश मिश्र, भाजपा नेता विनोद पाण्डेय, योगेश तिवारी, सत्य प्रकाश दूबे, सूर्यकांत पाण्डेय, शत्रुहन मोदनवाल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# महज औपचारिकता तक सिमट कर रह गया मिल्कीपुर के शिक्षकों का प्रशिक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आउट ऑफ स्कूल बच्चों को आयु संगत कक्षा के अनुरूप दक्षता संवर्धन के उद्देश्य प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के नोडल अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बृहस्पतिवार से मिल्कीपुर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर परिसर में एक साथ आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे तक एक भी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंच नहीं पाए थे। खाली कुर्सियां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अध्यापकों के आने का इंतजार कर रही थी। लगभग 40 मिनट बाद दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में सबसे मजे की बात तो यह रही कि दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर प्रशिक्षण हेतु मात्र एक प्रशिक्षक विभाग की ओर से नियुक्त किया गया था। जिसके चलते एक ही स्थान पर अध्यापकों का प्रशिक्षण हो सका। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से दो अलग–अलग सूचियां बनी थी, दोनों सूचियों में कुछ ऐसे अध्यापकों के नाम थे, जो दोनों प्रशिक्षण केंद्रों की सूची में दर्ज थे ऐसी दशा में वे शिक्षक कहां प्रशिक्षण प्राप्त किए होंगे, इसको तो विभाग के लोग ही बता सकेंगे। इतना ही नहीं प्रशिक्षण सूची में ऐसे भी अध्यापकों के नाम थे जो मंडलीय क्रीडा कार्यक्रम में अंबेडकर नगर गए हुए थे। जिनका फोटो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा था। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुछ अध्यापक एवं अध्यापिकाएं अपने मोबाइल फोन में फेसबुक, व्हाट्सएप मैसेंजर में व्यस्त दिखे। जिसका फोटो भी कई ग्रुपों में दिनभर दौड़ता रहा। आखिर ऐसे अध्यापकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा। खंड शिक्षाधिकारी मिल्कीपुर सियाराम वर्मा ने बताया कि जो अध्यापक प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे उनका प्रशिक्षण दूसरे दिन कराया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि एक सूची मेरे कार्यालय से बनाई गई थी तथा दूसरी सूची स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बनाई गई थी। इन सूचियों में अब कोई संशोधन नहीं किया जा सकता था। फिलहाल प्रशिक्षण सभी अध्यापकों का होना है। वही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या संतोष कुमार देव पांडे ने कहा कि मामले की जांच करा कर दोषी अध्यापकों एवं संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।